# अब प्रैक्टिकल के नंबर भी होंगे पोर्टल पर अपलोड

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस साल से शुरू की है नई व्यवस्था

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

इंटरनल के नंबरों के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त कॉलेजों के विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल एग्जाम के नंबर भी पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा उन विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनका रिजल्ट प्रैक्टिकल के नंबर न मिलने की वजह से फंस जाता था। लविवि प्रयोगात्मक परीक्षा में यह व्यवस्था पहली बार लागू कर रहा है। इसके लिए सभी कॉलेजों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

विवि ने पोर्टल के माध्यम से नंबर लेने की व्यवस्था इस साल मिड सेमेस्टर एग्जाम से शुरू की है ताकि इंटरनल परीक्षा के मूल्यांकन में पारदर्शिता लाई जा सके। इस पोर्टल पर कॉलेज और विभागाध्यक्षों को इंटरनल के नंबर परीक्षा के दिन ही ऑनलाइन भरने थे। यही व्यवस्था प्रयोगात्मक परीक्षा में भी लागू की जा रही है। स्नातक की वार्षिक परीक्षा से पहले 20 जनवरी के बाद लविवि की प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू हो रही है। प्रैक्टिकल के नंबर अभी तक परीक्षक कॉलेज के माध्यम से भेजते थे। इसमें काफी समय लगता है।

### मूल्यांकन में पारदर्शिता लाने के लिए बदला नियम

### अभी तक परीक्षक कॉलेज के माध्यम से भेजते थे प्रैक्टिकल के नंबर



### नंबर अपलोड किए, नहीं भेजीं उत्तर पुस्तिकाएं

पोर्टल पर नंबर लेने की व्यवस्था लागू करने के पीछे मंशा इसमें होने वाले खेल पर लगाम लगाने की थी। पूर्व में छात्रों को इसके नाम पर परेशान किया जाता था। ऑनलाइन नंबर अपलोड करने में भी कॉलेज स्टूडेंट की उपस्थिति के बिना ही उसे नंबर दे सकते हैं या हो सकता है जानबूझकर बहुत ज्यादा या कम नंबर दे दें। इस पर रोक लगाने के लिए उनकी उत्तर पुस्तिका भी परीक्षा के दिन भेजने को कहा गया था। हालांकि कॉलेजों ने पोर्टल पर नंबर तो चढ़ाए पर उत्तर पुस्तिकाएं संबंधित विभागाध्यक्षों के पास नहीं भेजीं।

### कम होगी गड़बड़ी की आशंका

*प्रयोगात्मक परीक्षा के नंबर विभाग और कॉलेजों को ऑनलाइन भरने होंगे। ऐसे में शीट से नंबर नकल करने में होने वाली गलती की आशंका कम होगी। पोर्टल पर नंबर भरने के बाद वहीं से डाटा परीक्षाफल बनाने के लिए उठाया जाएगा। इससे समय की बचत होगी। इस तरह से परीक्षा का रिजल्ट जल्दी निकल सकेगा। नई व्यवस्था के बाद कॉलेज प्रशासन स्टूडेंट को प्रैक्टिकल में फेल करने या कम नंबर देने की धमकी नहीं दे सकेंगे।*

### इंटरनल परीक्षा से शुरू हुई थी व्यवस्था

विवि ने सेमेस्टर परीक्षा के दौरान होने वाली इंटरनल परीक्षा के नंबर पोर्टल पर लेने की व्यवस्था शुरू की थी। अब इसे और आगे बढ़ाया जा रहा है। कॉलेज और विभागाध्यक्ष को विवि की वेबसाइट पर मौजूद पोर्टल के लिंक पर जाकर लॉगइन करके नंबर अपलोड करने होंगे। -प्रो. एनके पांडेय, प्रवक्ता, लविवि

## लविवि में बीएससी के प्रैक्टिकल 23 से

लखनऊ। एलयू में विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख मंगलवार को समाप्त हो रही है। इसके बाद 23 जनवरी से बीएससी के प्रैक्टिकल शुरू हो जाएंगे। विवि के गणित और बॉटनी विभाग ने प्रैक्टिकल की तारीखें घोषित कर दी हैं।

**मार्च से होनी हैं लखनऊ विश्वविद्यालय की लिखित परीक्षा**

लिखित परीक्षाएं मार्च में शुरू होनी हैं।

बीएससी सेकंड ईयर एस्ट्रोनॉमी विषय के प्रैक्टिकल 23 जनवरी को सुबह नौ बजे से होंगे। 27 जनवरी को बीएससी फर्स्ट इयर एस्ट्रोनॉमी की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. भास्कर श्रीवास्तव ने बताया कि बॉटनी विभाग में बीएससी प्रथम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 19 से 23 फरवरी तक होंगी। बीएससी द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा छह से आठ फरवरी के बीच होंगी। जबकि बीएससी प्रथम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 31 जनवरी से तीन फरवरी के बीच होंगी। ब्यूरो

### परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम मौका आज

*लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक विद्यार्थियों के पास मंगलवार को परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम मौका होगा। विद्यार्थी 500 रुपये लेट फीस के साथ अपने ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। बीए, बीएससी, बीकॉम और वार्षिक प्रणाली पर आधारित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी विवि की वेबसाइट www.luonline.in और www.lkouniv.ac.in पर जाकर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंट आउट संबंधित विभागाध्यक्ष या कॉलेज में जमा करना होगा। इसे 18 जनवरी तक परीक्षा विभाग में पहुंचाना होगा। लविवि परिसर के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म नहीं भरना है। उन्हें सिर्फ विवि की वेबसाइट पर जाकर लॉगइन करना होगा।*

### रिन्यूएबल एनर्जी की कक्षाएं शुरू

*लविवि में रिन्यूएबल एनर्जी विषय की कक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। कोर्स की समन्वयक प्रो. ऊषा बाजपेयी ने बताया कि बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी और एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी विषय की पढ़ाई शुरू हो चुकी है।*

### बीए शिक्षाशास्त्र के बैक पेपर प्रैक्टिकल कल

*लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष शिक्षाशास्त्र विषय की बैकपेपर प्रयोगात्मक परीक्षा बुधवार को होगी। एजुकेशनल सायकोलॉजी प्रैक्टिकल की परीक्षा के लिए सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए सुबह 10 बजे विभाग पहुंचना होगा। यह जानकारी विभागाध्यक्ष ने दी।*